# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
## पुनरावृत्ति पत्रिका (2018–19)

कक्षा : तीसरी　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　विषय : हिन्दी

उपविषय :– पाठ–11 'सिंचाई करे कौन' पाठ–12 'गुब्बारे में चूहा', पाठ–13 'आइसक्रीम और ओवरकोट', पाठ–14 'अपना देश (कविता)'।

व्याकरण :– अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, विराम चिह्न, अशुद्धि शोधन, मुहावरे, सर्वनाम, अनुच्छेद लेखन, अपठित गद्यांश, पठित गद्यांश, चित्र वर्णन, चित्र कथा।

## अपठित गद्यांश

**प्र1) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–**

महात्मा बुद्ध एक बार भिक्षा माँगने जा रहे थे। रास्ते में उन्हें एक घर दिखाई दिया। घर की मालकिन बहुत झगड़ालू थी। उन्हें भिक्षा माँगते देख उन्हें अपशब्द कहने लगी। किंतु महात्मा बुद्ध शांत भाव से उसकी बातें सुनते रहे। उनके शांत चेहरे को देख उसका क्रोध दुगुना हो गया। जब वह कुछ शांत हुए तो उन्होंने उस स्त्री से पूछा– "माँ, यदि मैं आपका दिया भोजन स्वीकार नहीं करूँ तो बताइए, वह भोजन किसके पास रहेगा?" वह स्त्री बोली– "मेरे पास ही रहेगा।" महात्मा बुद्ध मुसकराए और बोले– "यदि मैं आपके द्वारा बोले गए अपशब्दों को भी स्वीकार न करूँ तो क्या होगा?" यह सुनकर वह स्त्री बहुत शर्मिंदा हुई और उसने भगवान बुद्ध से क्षमा माँगी।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–
1. महात्मा बुद्ध कहाँ जा रहे थे?
2. औरत का क्रोध दुगुना क्यों हो गया?

ख) सही विकल्प चुनकर लिखिए :–
1. महात्मा बुद्ध की बात सुनकर स्त्री क्या हुई?
   (i) खुश (ii) शर्मिंदा (iii) उदास
2. घर की मालकिन कैसी थी?
   (i) सुंदर (ii) अच्छी (iii) झगड़ालू

ग) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए :–
1. क्षमा – उदास, माफ़ी, शांत
2. क्रोध – गुस्सा, हैरानी, चालाकी

घ) निम्नलिखित वाक्यों में सही/गलत का निशान लगाइए :–
1. महात्मा बुद्ध को रास्ते में नदी दिखाई दी। (   )
2. स्त्री ने महात्मा बुद्ध से क्षमा माँगी। (   )

प्र2) निम्न चित्र को ध्यानपूर्वक समझते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–



क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

1. यह चित्र कहाँ का है?
2. बच्चे क्या कर रहे हैं?
3. फूलों पर क्या बैठी हैं?
4. माली पौधों को क्या दे रहा है?

ख) सही विकल्प चुनकर लिखिए :–

1. घास पर बैठकर बातें कौन कर रहा है?

   (i) बच्चे (ii) आदमी (iii) महिलाएँ

2. लड़की ने हाथों में क्या पहनी हैं?

   (i) चूड़ियाँ (ii) घड़ी (iii) राखी

3. चित्र में कितनी तितलियाँ हैं?

   (i) पाँच (ii) दो (iii) चार

## पाठ से संबंधित

**प्र3) निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–**

आज चकमक चूहे का जन्मदिन था। पूरे घर में चहल–पहल मची हुई थी। कमरा फूलों, झालरों, गुब्बारों से अच्छी तरह सजाया गया था। एक मेज़ पर केक और मोमबत्तियाँ सजाकर रखी हुई थीं। आज पूरा घर खुशियों से भरा नज़र आ रहा था। चकमक के दोस्त मीकू खरगोश, गोलू हाथी, मुनमुन मुरगा तथा पूसी बिल्ली अपना–अपना उपहार लेकर कुरसी पर बैठे हुए थे। एक ओर खाने–पीने का, तो दूसरी ओर कोल्ड ड्रिंक का स्टॉल लगा हुआ था। सब जन्मदिन का केक कटने का इंतज़ार कर रहे थे।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :+–

1. जन्मदिन किसका था और कमरा कैसे सजाया गया था?
2. मेज़ पर क्या रखी हुई थीं और पूरा घर किससे भरा नज़र आ रहा था?

ख) निम्नलिखित वाक्य में सही/गलत का निशान लगाइए :–

1. सब उपहार लेकर कुरसी पर बैठे हुए थे। ( )

प्र4) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–**

क) चकमक किस में बैठकर आसमान में उड़ता चला जा रहा था?

ख) आइसक्रीम जल्दी पिघलाने के लिए गुड्डू ने क्या किया?

ग) तेनालीराम का बाग क्यों सूख रहा था?

घ) गिन्नी किस चीज़ के लिए मचल रही थी?

प्र5) **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए :–**

क) आवरण ख) प्रभाव

ग) चिंता घ) मूर्ख

प्र6) **निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :–**

क) भाई, अब जल्दी करो और यहाँ से ––––––––।

ख) तीनों उनके घर की ओर –––––––– कर रहे थे।

ग) चकमक को उड़ता देखकर सभी लोग ––––––– रह गए।

घ) आइसक्रीम पार्लर देखते ही गिन्नी ––––––––––लगी।

प्र7) **निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए :–**

एक दिन नीले आसमान में, ––––––––––––––

–––––––––––––––––, अपना देश बनाएँगे।

प्र8) **निम्नलिखित वाक्य किसने कहे लिखिए :–**

क) ''ओवरकोट एक आवरण की तरह काम करता है।''

ख) ''नहीं, अभी नहीं। तुम्हारा गला खराब है।''

ग) ''तुम सब घबरा क्यों रहे हो?''

घ) ''कल से तो हमारे भी दिन फिर जाएँगे।''

प्र9) **सही विकल्प चुनकर लिखिए :–**

क) 'बचाओ–बचाओ' कौन चिल्ला रहा था?

(i) चकमक चूहा (ii) उसके माता–पिता (iii) उसके दोस्त

ख) किसकी आइसक्रीम नहीं पिघल रही थी?

(i) माँ की (ii) गिन्नी की (iii) गुड्डू की

ग) संदूक में क्या देखकर चोरों के होश उड़ गए?

(i) कंकड़–पत्थर (ii) सोना (iii) काँटे

## व्याकरण से संबंधित

प्र10) **कोष्ठक में से सही अनेक शब्दों के लिए एक शब्द चुनकर लिखिए :–**

क) मेरे पिताजी बहुत पढ़े–लिखे हैं, वे ––––––––– हैं। (निरक्षर / साक्षर)

ख) मेरी दादीजी इलाज के लिए ––––––– जा रही हैं। (विद्यालय / अस्पताल)

ग) मेरा भाई चित्र बनाता है, वह –––––––– है। (चित्रकार / मूर्तिकार)

घ) मेरी चाची जूतों की मरम्मत करवाने –––––––के पास गई हैं। (दर्जी / मोची)

प्र11) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :–

क) पूजा के योग्य –

ख) जो सत्य बोलता हो–

ग) जो लकड़ी का काम करता हो–

घ) जो मांस नहीं खाता हो–

प्र12) निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाकर वाक्य दोबारा लिखिए :–

क) सैनिक देश की रक्षा करते हैं

ख) तुम कहाँ जा रहे हो

ग) अमन रमन और मोहन मेरे मित्र हैं

घ) यह कितना सुंदर फूल है

प्र13) निम्नलिखित वाक्यों में लगे विराम चिह्नों के नाम लिखिए :–

क) हम खेलने जा रहे हैं।

ख) वहाँ कौन खड़ा है?

ग) आँख को नयन, नेत्र और चक्षु भी कहते हैं।

घ) यह चित्र किसने बनाया है?

प्र14) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके दोबारा लिखिए :–

क) यह कपड़ा की दुकान है।

ख) मैंने पानी पी।

ग) वर्षा ज़ोर से हो रहा है।

घ) तुमका स्कूल कहाँ है?

प्र15) कोष्ठक में से शुद्ध शब्द छाँटकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :–

क) हम ———————— पढ़ने जाते हैं। (विधालय/विद्यालय)

ख) ———————— ने कविता सुनाई। (कवि/कवी)

ग) पेड़ पर ——————— बैठी है। (चिड़ीया/चिड़िया)

घ) बच्चे ——————— कर रहे हैं। (पढ़ाई/पड़ाई)

प्र16) कोष्ठक में से उचित मुहावरा चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :–

क) कमरे में शोर सुनकर पिताजी —————————— गए।
(लाल–पीला होना/अगर–मगर करना)

ख) बच्चों ने अध्यापिका की ——————— कर रखा है। (घुटने टेकना/नाक में दम करना)

ग) उसने चोरी करके अपने माता–पिता की ———————। (नाक कटवाना/हाथ मलना)

घ) अपना गृहकार्य करने में —————— नहीं करना चाहिए।
(खाक छानना/अगर–मगर करना)

प्र17) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए :–

क) दाँत खट्टे करना ख) आकाश से बातें करना

ग) टाँग अड़ाना घ) गुदड़ी का लाल

प्र18) कोष्ठक में से सही सर्वनाम शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए :–

| | | |
|---|---|---|
| क) | ––––––– कहाँ घूमने जा रहे हैं? | (तुम / आप) |
| ख) | मेरी सहेली ––––––– नानी के घर गई है। | (अपनी / उन्होंने) |
| ग) | ––––––– क्या खा रहे हो? | (तू / तुम) |
| घ) | ––––––– अपना पाठ पढ़ लिया है। | (मैंने / मैं) |

प्र19) निम्नलिखित वाक्यों में उचित सर्वनाम शब्द भरिए :–

क) ––––––भाई कविता लिख रहा है।

ख) मैं –––––––– माँ के साथ बाज़ार गई।

ग) ––––––– मुझे उपहार दिया।

घ) ––––––– नाम क्या है?

प्र20) 'चिड़ियाघर की सैर' विषय पर सहायक सूची की मदद से एक अनुच्छेद लिखिए। (शब्द सीमा 60–70) :–

**सहायक सूची :–** चिड़ियाघर, सैर, माता–पिता, टिकट, जानवर, चीता, शेर, हिरन, भालू मोर, बगीचा, रंग–बिरंगे फूल, मज़ा, शाम, वापिस, प्रसन्न

प्र21) निम्न दिए गए चित्र का वर्णन सहायक सूची के माध्यम से अनुच्छेद के रूप में कीजिए। (शब्द सीमा 60–70):–

**संकेत बिंदु :–** समुद्र, किनारा, नावें, बच्चे, गेंद, गुब्बारे वाला, आइसक्रीम, ऊँट, सवारी, सूरज, समुद्र की लहरें, रेत, घर, सुंदर, खुश

